एक नजर

पत्नी से मारपीट का विरोध करने पर बेटे ने की पिता की धारदार हथियार से हत्या

हरदोई। कोतवाली शहर क्षेत्र के राधानगर में घरेलू कलह ने ऐसा खौफनाक रूप ले लिया कि एक बेटे ने अपने ही पिता की धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी। पत्नी के साथ मारपीट करने का विरोध करने पर पिता-पुत्र के बीच शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते खूनी संघर्ष में बदल गया। घटना में 53 वर्षीय रामेन्द्र सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। परिवार के भीतर हुई इस वारदात से इलाके में सनसनी फैल गई।जानकारी के मुताबिक, 24 नवंबर को रामेन्द्र सिंह अपनी पत्नी अंजू सिंह के साथ मारपीट कर रहे थे। इसी दौरान उनके 28 वर्षीय बेटे सत्यम सिंह ने पिता की इस हरकत का विरोध किया। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। विवाद इतना बढ़ा कि पिता-पुत्र के बीच मारपीट होने लगी। इसी दौरान सत्यम ने धारदार हथियार से पिता पर हमला कर दिया। गंभीर चोट लगने से रामेन्द्र सिंह ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। घर में चीख-पुकार मचने पर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए।सूचना मिलते ही कोतवाली शहर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जांच-पड़ताल की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई शुरू कर दी। क्षेत्राधिकारी नगर अजीत चौहान ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। आरोपी सत्यम सिंह की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें लगाई गई हैं। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच करते हुए आवश्यक वैधानिक कार्रवाई कर रही है। मामूली घरेलू विवाद से शुरू हुई यह घटना एक परिवार को ऐसा जख्म दे गई, जिसकी भरपाई संभव नहीं है।

एसपी ने पुलिस कार्यालय में सुनीं फरियादियों की समस्यायें, त्वरित निस्तारण के दिये निर्देश

हरदोई। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने बुधवार को पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई कर फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे शिकायतकर्ताओं ने अपनी समस्याओं और शिकायतों से एसपी को अवगत कराया। पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।एसपी ने स्पष्ट किया कि जनशिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा फरियादियों को अनावश्यक रूप से परेशान न होना पड़े। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत के निस्तारण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें, ताकि पीड़ितों को समय से न्याय मिल सके।

सिद्धि दिवस पर अरविंद सोसाइटी के द्वारा संगोष्ठी का आयोजन



सुल्तानपुर । श्री अरविंद सोसाइटी, उत्तर प्रदेश द्वारा सिद्धि दिवस का शताब्दी कार्यक्रम सोसाइटी कैंपस में संपन्न हुआ। मुख्य वक्ता के रूप में डॉक्टर पवन कुमार सिंह ने सिद्धि दिवस के महत्व और सिद्धि दिवस अतिमानस के रूप में उपयोगिता के बारे में लोगों को बताया। उन्होंने यह भी बताया कि अतिमानस अवतरण के लिए सिद्धि दिवस क्यों आवश्यक था और सिद्धि दिवस के अवतरण के पहले का वारिन घोष के उद्बोधन के बारे में भी लोगों को जानकारी दी। मुख्य अतिथि के रूप में मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर के प्रिंसिपल प्रोफेसर हरेंद्र कुमार ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता राणा प्रताप पीजी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ एमपी सिंह बिसेन ने अपना अध्यक्षीय उद्बोधन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के आखिर में डॉक्टर जितेंद्र जो चित्रकूट से आए थे, उन्होंने सभी को ध्यान कराया और कार्यक्रम का अंत मां के ध्यान से समाप्त हुआ। आए हुए लोगों ने श्री अरविंद सोसाइटी के कैंपस में स्थित दिव्य देहांश स्थल का दर्शन भी किया।लगभग से साठ लोग कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

नाबालिग को बालिग दिखाकर मनरेगा जॉब कार्ड बनावाने में फंसे प्रधान , प्रधान और बेटे के खिलाफ मुकदमा दर्ज

सुल्तानपुर। बल्दीराय थाना क्षेत्र में नाबालिग को बालिग दिखाकर मनरेगा जॉब कार्ड जारी कराने और सरकारी धन के गबन के आरोप में ग्राम प्रधान कमलेश यादव और उनके बेटे सौरभ यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मंगलवार रात कोर्ट के आदेश पर दोनों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज हुई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। **फर्जी दस्तावेजों से जॉब कार्ड बनवाने का आरो**शिकायतकर्ता अखिलेश कुमार पुत्र राम कमाल, ग्राम पूरे राम बख्श शुक्ल मजरे दक्खिनगांव के निवासी हैं। उन्होंने अदालत में अर्जी देकर आरोप लगाया कि वर्ष 2015 से अब तक ग्राम प्रधान कमलेश यादव (पत्नी वासुदेव यादव) और उनके बेटे सौरभ ने कथित तौर पर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर जॉब कार्ड बनवाया। **मार्कशीट में उम्र 15 साल, जॉब कार्ड में 21 वर्ष**शिकायत के मुताबिक, सौरभ यादव की हाईस्कूल की मार्कशीट में जन्मतिथि 18 मई 2005 दर्ज है। इस हिसाब से वर्ष 2020 में उसकी उम्र 15 साल थी। आरोप है कि इसके बावजूद 20 अक्टूबर 2020 को उसके नाम से जॉब कार्ड नंबर क्र-50-024-014-003/94 जारी किया गया, जिसमें उम्र 21 साल दर्ज थी। इसकी डिमांड आईडी 402387 बताई गई है।शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि मनरेगा के नियमों को नजरअंदाज कर मजदूरी की रकम बैंक खाते में भेजी गई और सरकारी धन का निजी लाभ के लिए गबन किया गया। बताया जा रहा है कि शिकायत पहले एसपी को भेजी गई थी, अब कोर्ट के आदेश पर एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस जांच कर रही है।

चांदा पुलिस ने 48 घंटे के भीतर अपहृत युवती को सकुशल किया बरामद

चांदा । स्थानीय चांदा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से अपहृत हुई 23 वर्षीय युवती को चांदा पुलिस ने महज 48 घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से युवती के परिजनों ने राहत की सांस ली। पुलिस टीम की सक्रियता और तत्परता की क्षेत्र में सराहना हो रही है। चांदा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 23 वर्षीय युवती के अपहरण की सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए थानाध्यक्ष तरुण कुमार पटेल ने युवती की सकुशल बरामदगी के लिए पुलिस टीम को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।थानाध्यक्ष के नेतृत्व में उपनिरीक्षक विवेक कुमार, महिला कांस्टेबल वैशाली तथा कांस्टेबल विनोद कुमार ने लगातार प्रयास करते हुए युवती को 48 घंटे के अंदर सकुशल बरामद कर लिया। बरामदगी के बाद पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए युवती का मेडिकल परीक्षण कराया तथा उसका बयान भी दर्ज कराया।युवती की सकुशल बरामदगी की जानकारी मिलने पर परिजनों ने राहत महसूस की। वहीं पुलिस की त्वरित कार्रवाई को लेकर परिवार के लोगों सहित क्षेत्रवासियों ने पुलिस टीम की सराहना की।

आर्य समाज जमुनियाबाग का 118वां वार्षिकोत्सव वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शुरू

अयोध्या। आर्य समाज जमुनियाबाग का 118वां वार्षिकोत्सव बुधवार को आर्य समाज मंदिर परिसर में वैदिक परंपरा के अनुसार शुरू हुआ। सुबह 7:30 बजे आयोजित कार्यक्रम में गुरुकुल के ब्रह्मचारियों, आचार्यों और विद्वानों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ-हवन कराया। इस दौरान गायत्री मंत्र एवं वैदिक मंत्रों के उच्चारण की प्रतिस्पर्धा भी आयोजित की गई।कार्यक्रम में पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने आर्य समाज के गौरव और प्रतीक आर्य ध्वज का ध्वजारोहण किया। इसके बाद विशेष यज्ञ-हवन और प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन में गुरुकुल के ब्रह्मचारी, आचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा आर्य समाज के पदाधिकारी और सदस्य शामिल हुए।आयोजकों के अनुसार वार्षिकोत्सव के तहत आगामी तीन दिनों तक विभिन्न धार्मिक एवं वैचारिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रतिदिन सुबह 7:30 से नौ बजे तक विशेष यज्ञ, प्रवचन और प्रसाद वितरण होगा।

कोई भी पात्र मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रहे-डीएम

सुल्तानपुर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में अर्हता तिथि 01 जनवरी 2027 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य को प्रभावी, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराने तथा अधिक से अधिक पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में सम्मिलित करने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में भारतीय जनता पार्टी, इंडियन नेशनल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, अपना दल, आम आदमी पार्टी एवं मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में जिलाधिकारी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के अंतर्गत भरे जा रहे प्रपत्रों एवं उनकी प्रगति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुनरीक्षण की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से संचालित की जा रही है। राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि जनपद की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर डीईओ पोर्टल के अंतर्गत प्रतिदिन अपलोड किए जा रहे प्रपत्रों का अवलोकन एवं जांच कर सकते हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन सभी छूटे हुए पात्र मतदाताओं का नाम निर्वाचक नामावली में सम्मिलित कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इस महत्वपूर्ण अभियान को सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी सक्रियता से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील की कि वे भी अपने स्तर से जागरूकता एवं सहयोग के प्रयासों को तेज करें तथा अपने बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) को प्रत्येक बूथ एवं ग्राम में सक्रिय करते हुए छूटे हुए पात्र मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जुड़वाने में सहयोग करें। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से मतदाता सूची में महिलाओं एवं थर्ड जेंडर मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने तथा 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के नवयुवा मतदाताओं का पंजीकरण सुनिश्चित कराने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सभी राजनैतिक दल आलेख्य निर्वाचक नामावली का गंभीरतापूर्वक अवलोकन करें तथा उसमें किसी प्रकार की त्रुटि अथवा छूटे हुए पात्र मतदाताओं की जानकारी मिलने पर नियमानुसार आवश्यक सहयोग प्रदान करें। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में होना आवश्यक है। अत: सभी राजनैतिक दलों एवं जनसामान्य की सक्रिय सहभागिता से यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र मतदाता निर्वाचक नामावली में अपना नाम शामिल कराने से वंचित न रहे। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार के बाहर स्थापित ईवीएम एवं वीवीपैट का भी निरीक्षण किया। उन्होंने ईवीएम एवं वीवीपैट के संबंध में जानकारी प्राप्त की और संबंधित व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

बीएलए प्रत्येक बूथ एवं ग्राम में जाकर छूटे हुए मतदाताओं का नाम जुड़वाने में करें सहयोग

साहब का पेट भरा, अब सुल्तानपुर का बंटाधार कर भागने की फिराक में

भ्रष्टाचार का सेफ जोन बना सुल्तानपुर का बेसिक शिक्षा विभाग

सुल्तानपुर। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार भले ही भ्रष्टाचार पर %जीरो टॉलरेंस% का ढिंढोरा पीट रही हो, लेकिन सुल्तानपुर के बेसिक शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचारियों और आला अफसरों का ऐसा कॉकटेल तैयार हो चुका है, जिसने नियम-कानूनों की धज्जियां उड़ाकर रख दी हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (क्क्र) उपेंद्र गुप्ता पर सीधे तौर पर भ्रष्टाचार को संरक्षण देने, मुख्य सरकारी पत्रावली गायब कराने और असल गुनाहगारों को %अभय दान% देने के गंभीर आरोप लग रहे हैं। विभाग के इस काले खेल में अब एक के बाद एक कई चौंकाने वाली परतें खुल रही हैं।**भ्रष्टाचार की लंबित जांच के आरोपी एमडीएम डीसी संदीप यादव और बेसिक शिक्षा अधिकारी**उपेंद्र गुप्ता के साथ घाट बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय से भी नियुक्ति की पत्रावली गायब है।इस पूरे महाघोटाले के केंद्र में विवादित शिक्षिका नंदिता सिंह की अनियमित और अवैध नियुक्ति है। सूत्रों के मुताबिक, इस अवैध नियुक्ति पर आंच इसलिए नहीं आ रही है क्योंकि शिक्षिका के पति संदीप यादव इसी बीएसए कार्यालय में मिड-डे मील (स्क्ष्रू) के जिला समन्वयक (ष्ठ्ठ) के पद पर मलाई काट रहे हैं। हैरान करने वाली बात यह है कि संदीप यादव खुद भ्रष्टाचार की गंभीर जांचों के घेरे में हैं, लेकिन उनका प्रशासनिक रसूख इस कदर हावी है कि जिले के बेसिक के सबसे बड़े शिक्षा अधिकारी उपेंद्र गुप्ता उनके सामने घुटने टेक चुके हैं। डीसी पति के इशारे और भारी दबाव में आकर ही बीएसए कार्यालय से नियुक्ति की मुख्य जांच पत्रावली (फाइल) को ही पूरी तरह गायब करवा दिया गया, ताकि अवैध नौकरी का सच कभी सामने न आ सके।

पत्रावली गायब, फिर भी राजकोष से बह रही वेतन की गंगा* प्रधानाचार्य पर स्नङ्कक्रका दबाव क्यों?प्र शासनिक हलकों में यह सबसे बड़ा सुलगता हुआ सवाल है कि यदि शिक्षिका नंदिता सिंह की नियुक्ति से जुड़ी जांच पत्रावली गायब हो चुकी है, तो उनका वेतन तत्काल प्रभाव से बाधित क्यों नहीं किया गया? जब तक नियुक्ति वैध साबित नहीं होती, तब तक वेतन जारी रखना सीधे तौर पर सरकारी धन का गबन और वित्तीय अनियमितता है। खुद को बचाने और मामले को दूसरा मोड़ देने के लिए बीएसए उपेंद्र गुप्ता ने अपनी अकर्मण्यता का परिचय देते हुए एक बेहद लचर और गलत आदेश जारी किया है। उन्होंने स्कूल के प्रधानाचार्य पर दबाव बनाया है कि वे अपने ही प्रबंधक के खिलाफ एफआईआर (स्नङ्कक्र) दर्ज कराएं। सवाल यह उठता है कि जब अनियमित नियुक्ति के लिए सीधे तौर पर प्रबंधक जिम्मेदार है, तो खुद कानून सम्मत शक्तियों से लैस बीएसए सीधे अपने स्तर से प्रबंधक पर एफआईआर दर्ज कराने से पैर क्यों खींच रहे हैं? साफ है कि प्रधानाचार्य को बलि का बकरा बनाकर असल दोषियों को सुरक्षित रास्ता देने की स्क्रिप्ट बीएसए कार्यालय में ही लिखी गई है।

शादियों का सीजन होने के कारण चांदा चौराहे पर रोज लग रहा है भीषण जाम

चांदा । शादियों का सीजन शुरू होते ही चांदा कस्बे में यातायात व्यवस्था चरमराने लगी है। सहलग के चलते चांदा चौराहे पर प्रतिदिन जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। वाहनों की बढ़ती संख्या और बाजार में खरीदारी करने आने वाले लोगों की भीड़ के कारण चौराहे के चारों मार्गों पर वाहनों की लंबी कतार लग जा रही है। इससे राहगीरों, व्यापारियों और स्थानीय लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान समय में शादियों का सीजन चल रहा है। शादी समारोह में शामिल होने और बारात में जाने के लिए बड़ी संख्या में लोग चारपहिया और दोपहिया वाहनों से आवागमन कर रहे हैं। इसके चलते चांदा चौराहे पर सुबह से ही वाहनों का दबाव बना रहता है, जबकि दोपहर बाद स्थिति और गंभीर हो जाती है। शाम होते-होते चौराहे के चारों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग जाती है। कई बार वाहन चालकों को काफी देर तक जाम में फंसे रहना पड़ता है।चांदा चौराहे के साथ ही क्षेत्र के अन्य संकरे कस्बों और बाजारों में भी सहलग के चलते जाम की समस्या बढ़ गई है।

सड़कों पर वाहनों की भीड़ के बीच पैदल चलने वाले लोगों को भी आवागमन में दिक्कत होती है। वहीं, दुकानों के सामने वाहनों के खड़े होने और सड़क पर बढ़ते यातायात दबाव से स्थिति और जटिल हो जाती है।जाम की सूचना मिलने पर चांदा पुलिस के जवान यातायात व्यवस्था संभालने में जुट जाते हैं। पुलिसकर्मियों को वाहनों को एक-एक कर निकलवाने और रास्ता खाली कराने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ती है। काफी प्रयास के बाद धीरे-धीरे जाम खुल पाता है।स्थानीय लोगों का कहना है कि सहलग के पूरे सीजन में चांदा चौराहे पर यातायात का दबाव बना रहेगा। ऐसे में चौराहे पर अतिरिक्त पुलिसकर्मियों की तैनाती और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने की जरूरत है, ताकि शादी समारोह में आने-जाने वाले लोगों के साथ ही आम राहगीरों को जाम की समस्या से राहत मिल सके।

उपजिलाधिकारी संतोष कुमार को स्मृति चिह्न व प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

अयोध्या। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की बीकापुर तहसील इकाई की ओर से उपजिलाधिकारी संतोष कुमार को स्मृति चिह्न, प्रशस्ति पत्र और पुष्पमाला भेंटकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने उन्हें सम्मानित करते हुए बेहतर समन्वय और सकारात्मक संवाद की भावना व्यक्त की।कार्यक्रम में तहसील अध्यक्ष राकेश यादव, जिला महामंत्री केएस मिश्रा, तहसील मंत्री, संगठन मंत्री फूलचंद, पूनम यादव, सुमन और सदस्य शेषराम त्यागी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

वेयरहाउस का निरीक्षण करते जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी

अयोध्या। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शशांक त्रिपाठी ने मंगलवार को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था और उपलब्ध संसाधनों का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी कैमरे चालू हालत में पाए गए। अग्निशमन यंत्रों की वैधता तीन अप्रैल 2027 तक मिली। वहीं, वेयरहाउस की सुरक्षा में तैनात सुरक्षाकर्मी भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (एलओ) एवं ईवीएम-वीवीपैट के नोडल अधिकारी इंद्रकांत द्विवेदी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

कार्तिक माह में दीपोत्सव से कार्तिक पूर्णिमा तक उमड़ा आस्था का सैलाब

अयोध्या। कार्तिक माह में रामनगरी अयोध्या श्रद्धालुओं और पर्यटकों से गुलजार रही। दीपोत्सव से लेकर कार्तिक पूर्णिमा तक बीते 15 दिनों में लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने का दावा किया गया है। इस दौरान रामलला और हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन के साथ गुप्तारघाट, सूर्यकुंड और भरतकुंड में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। दीपोत्सव, चौदह कोसी-पंचकोसी परिक्रमा और कार्तिक पूर्णिमा स्नान ने रामनगरी में आस्था का नया उत्साह दिखाई दिया।उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, दीपोत्सव में करीब 10 लाख, चौदह कोसी परिक्रमा में लगभग 30 लाख और पंचकोसी परिक्रमा में करीब 50 लाख श्रद्धालु पहुंचे। वहीं, कार्तिक पूर्णिमा के मुख्य स्नान पर्व पर लगभग 35 लाख श्रद्धालुओं के अयोध्या आने का अनुमान है। इन आयोजनों के दौरान मंदिरों, घाटों और प्रमुख धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही।राम मंदिर में रामलला के दर्शन के लिए दूर-दराज से श्रद्धालु पहुंचे। हनुमानगढ़ी में भी भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। इसके अलावा सूर्यकुंड, गुप्तारघाट और भरतकुंड जैसे धार्मिक स्थलों पर भी लोगों ने दर्शन-पूजन किया। रामनगरी में बढ़ती श्रद्धालुओं की संख्या को योगी सरकार की पर्यटन विकास नीति और अयोध्या में कराए जा रहे बुनियादी ढांचे के विकास से जोड़कर देखा जा रहा है।राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में धार्मिक पर्यटन का दायरा बढ़ा है। हवाई अड्डे, रेलवे स्टेशन के विस्तार, चौड़ी सड़कों, पार्किंग, प्रकाश व्यवस्था और साफ-सफाई जैसे कार्यों से श्रद्धालुओं को सुविधाएं मिली हैं। बड़े आयोजनों के दौरान सुरक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और यातायात प्रबंधन पर भी विशेष ध्यान दिया गया।श्रद्धालुओं की भीड़ का असर स्थानीय कारोबार पर भी दिखाई दिया। हनुमानगढ़ी के पास फूल-माला और प्रसाद की दुकान चलाने वाले रामप्रकाश शर्मा ने बताया कि दीपोत्सव से कार्तिक पूर्णिमा तक लगातार ग्राहकों की भीड़ रही।

नवाबगंज में मनरेगा की फर्जी हाजिरी का आरोप, बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

क्लोन ऐप के जरिए श्रमिकों की फर्जी उपस्थिति दर्ज कराने का आरोप, जांच कर कारर्वाई की मांगय बीडीओ ने कहा- शिकायत की कराई जा रही जांच



रूपईडीहा बहराइच। विकासखंड नवाबगंज में मनरेगा कार्यों के तहत ग्राम पंचायतों में कथित रूप से फर्जी हाजिरी लगाए जाने का मामला सामने आया है। इसको लेकर ग्राम रोजगार सेवक संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने खंड विकास अधिकारी आशुतोष श्रीवास्तव को शिकायती पत्र सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।शिकायती पत्र में आरोप लगाया गया है कि विकासखंड की कई ग्राम पंचायतों में क्लोन ऐप के माध्यम से मनरेगा श्रमिकों की फर्जी उपस्थिति दर्ज कराई जा रही है। इससे सरकारी धन के दुरुपयोग की आशंका जताई गई है। ग्राम रोजगार सेवकों ने मांग की कि इस तरह की गतिविधियों पर तत्काल रोक लगाई जाए और पूरे मामले की जांच कर वास्तविक स्थिति सामने लाई जाए।इस दौरान ग्राम रोजगार सेवक संघ के जिलाध्यक्ष पंकज मिश्रा मंत्री दीपक सिंगर प्रभारी विद्याधर बाजपेई पयागपुर ब्लॉक अध्यक्ष रमेश शुक्ला चितौरा ब्लॉक अध्यक्ष प्रमुख कुमार नवाबगंज ब्लॉक अध्यक्ष राकेश शर्मा सहित संतोष कुमार रामनिवास यादव देशराज वर्मा अनीता देवी मंजू देवी कमलेश जायसवाल समेत अन्य ग्राम रोजगार सेवक मौजूद रहे।वहीं खंड विकास अधिकारी आशुतोष श्रीवास्तव ने बताया कि ग्राम रोजगार सेवक हड़ताल पर हैं। शासन के निर्देश हैं कि मनरेगा के कार्य किसी भी स्थिति में प्रभावित नहीं होने चाहिए। इसके लिए स्थानीय ग्राम प्रधानए ग्राम पंचायत सचिव अथवा महिला मेट के माध्यम से श्रमिकों की हाजिरी लगवाने की व्यवस्था की जा रही है। इन सभी का पंजीकरण भी कराया जा रहा हैए ताकि ग्राम रोजगार सेवकों की हड़ताल के चलते विकास कार्य बाधित न हों। क्लोन ऐप के माध्यम से फर्जी हाजिरी लगाए जाने के आरोप पर उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टया यह बात सही प्रतीत नहीं हो रही हैए फिर भी मामले की जांच कराई जा रही है। यदि जांच में आरोप सही पाए गए तो संबंधित लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। विकासखंड नवाबगंज में मनरेगा कार्यों में कथित अनियमितताओं और फर्जी हाजिरी को लेकर पहले भी चर्चाएं होती रही हैं। हालांकिए इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। अब देखना यह है कि जांच में क्या तथ्य सामने आते हैं और जिम्मेदारों पर क्या कार्रवाई होती है।

एक नजर

कहल्का लेखपाल ने सुविधा न मिलने पर बटाईदार का धान सत्यापन किया खारिज

मुसाफिरखाना अमेठी । तहसील की ग्राम पंचायत भरतपुर में तैनात हल्का लेखपाल अभिशेक ने सिर्फ धान बेचने का सत्यापन इस लिए खारिज कर दिया कि बटाईदार ने लेखपाल द्वारा मांगी रकम पांच हजार नही दिया । लेखपाल का कहना कि बटाईदार का प्रमाण पत्र चाहिए । जबकि लेखपाल न तो खतौनीधारक किसान से पूछा न ही जानकारी ली जबकि धान क्रय केन्द्र प्रभारी पहले खतौनी धारक किसान के आधार कार्ड का सत्यापन करता है फिर उसके अधार कार्ड से बटाईदार के आधार कार्ड का सत्यापन करता है तब जाकर बटाईदार मान्य होता है । लेकिन हल्का लेखपाल किसान से बिना जानकारी किये ही सत्यापन खारिज कर दिया क्योकि बटाईदार से उन्हे पांच हजार रुपये जो सुविधा शुल्क नही मिला । सत्यापन न होने से किसान परेशानहै ।किसान ने जिलाधिकारी से मांग की है कि हल्का लेखपाल के कारनामे की जांच की जायं ।

16 साल से मानव संसाधन नीति लंबित, मानदेय वृद्धि को लेकर जिलेभर के कर्मचारी लामबंद

अमेठी। 16 वर्षों से लंबित मानव संसाधन नीति और सम्मानजनक मानदेय वृद्धि की मांग को लेकर जिले के बीबी-जीरामजी कर्मचारियों ने बुधवार को आवाज बुलंद की। बीबी-जीरामजी कर्मचारी महासंघ उत्तर प्रदेश के बैनर तले कर्मचारियों ने जिलाधिकारी शशांक चौधरी और मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू को ज्ञापन सौंपकर शासन स्तर पर लंबित मांगों के समाधान की मांग की। इस दौरान भेटुआ ब्लॉक के कर्मचारी भी शामिल रहे।कर्मचारियों का कहना है कि बीते 16 वर्षों से मानव संसाधन नीति का निर्धारण नहीं किया गया है। इसके चलते उन्हें सामाजिक सुरक्षा, चिकित्सा सुविधा और स्थानांतरण नीति जैसी बुनियादी सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। दूसरी ओर महंगाई लगातार बढ़ रही है, लेकिन कर्मचारियों को मिलने वाला मानदेय उनकी जरूरतों के मुकाबले बेहद कम है।ज्ञापन में अक्टूबर 2026 की महंगाई दर 6.09 प्रतिशत और थोक महंगाई दर 12.29 प्रतिशत का हवाला देते हुए मानदेय में एक समान और सम्मानजनक वृद्धि की मांग की गई। कर्मचारियों ने विभाग की ओर से भेजे गए मानदेय वृद्धि के प्रस्ताव को भी विसंगतिपूर्ण बताते हुए असंतोष जताया।महासंघ ने चेतावनी दी कि मांगों पर उच्चस्तर से निर्णय होने तक कर्मचारी कार्य से विरत रहने के आंदोलन का समर्थन जारी रखेंगे। ज्ञापन की प्रतिलिपि जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी के अलावा अपर जिला कार्यक्रम समन्वयक और उपश्रमायुक्त को भी भेजी गई है।

210 दुग्ध उत्पादकों को वितरित किये स्टील के दूध बर्तन

भेटुआ अमेठी। सरुवांवा में बुधवार को बनास डेयरी की ओर से पशुपालक एवं दुग्ध उत्पादकों की साधारण सभा आयोजित की गई। वित्तीय वर्ष के तहत आयोजित कार्यक्रम में 210 दुग्ध उत्पादकों को स्टील के दूध के बर्तन वितरित किए गए।इस दौरान गुजरात से पहुंचे डॉ. शैलेश और लखनऊ के डॉ. हेमेन्द्र गंगवार ने पशुपालकों को पशुओं की देखभाल, बेहतर पोषण और दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के तरीके बताए। उन्होंने वैज्ञानिक पद्धति अपनाकर पशुपालन को लाभकारी बनाने पर जोर दिया।कार्यक्रम में बनास डेयरी के मैनेजर ब्रजपाल, डॉ. अभिषेक कुमार, भूमिका चौहान, अध्यक्ष उदयभान सिंह उर्फपिंटू और सचिव अमित सहित बड़ी संख्या में दुग्ध उत्पादक मौजूद रहे। आयोजकों ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य पशुपालकों को प्रोत्साहित करने के साथ दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देना है।

बालक्रीड़ा में शुकुल बाजार का बेहतरीन प्रदर्शन

शुकुल बाजार अमेठी । जनपदीय दो द्विशीय बालक्रीड़ा प्रतियोगिता में शुकुल बाजार का बेहतरीन प्रदर्शन रहा जिसमें खंड शिक्षा अधिकारी महोदय के निर्देशन में और ब्लॉक व्यायाम शिक्षक प्रेमचंद यादव के नेतृत्व में प्राथमिक स्तर बालिका संवर्ग में कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल जीतकर मण्डलीय बालक्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया और जूनियर स्तर बालक संवर्ग में कबड्डी प्रतियोगिता के फाइनल में उपविजेता रहा जिसके लिए सभी जिम्मेदार शिक्षकों को बहुत बहुत बधाई। जयप्रकाश सरोज, अनिल कुमार यादव,वीरेन्द्र कुमार,सुभाष कुमार और मैं स्वयं ग्राउंड पर उपस्थित रहकर सभी बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

घर में घुसकर हमला केस दर्ज

मुंशीगंज अमेठी । नोहरेपुर डिहवा गांव में घर में घुसकर सो रहे व्यक्ति पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला करने और घरेलू सामान में तोड़फोड़ करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने नामजद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।गांव निवासी प्रदीप दुबे ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 22 नवंबर की रात करीब एक बजे वह घर में सो रहे थे। इसी दौरान गांव के ही रवि शंकर दुबे पुत्र बलभद्र दुबे कथित तौर पर घर में घुस आये और उन पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। आरोप है कि इसके बाद घर में तोड़फोड़ कर घरेलू सामान को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। मुंशीगंज प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

विशेष लोक अदालत 28 को

अमेठी । उच्च न्यायालय इलाहाबाद के निर्देशानुसार एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के अनुमोदन से आगामी 28 नवंबर 2026 को जनपद सुल्तानपुर के समस्त जिला न्यायालयों में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस विशेष लोक अदालत में मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत लंबित चालान से संबंधित मामलों का आपसी सुलह-समझौते के आधार पर त्वरित निस्तारण किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि विशेष लोक अदालत में 12 सितंबर 2026 को आयोजित राष्ट्र